सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 174 | इंदौर, बुधवार 08 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# 19 किलो सोना, लग्जरी कारें और 3.8 करोड़ कैश...

## बीजेपी नेताओं के घर मिली अकूत बेनामी संपत्ति!

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। इनकम टैक्स विभाग ने सागर में तीन दिन तक लगातार कार्रवाई कर भाजपा के धनकुबेरों का खुलासा किया है। बंडा से भाजपा के पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर और पूर्व पार्षद राजेश केशरवानी की फर्म और आवासों पर आईटी के छापों में 150 करोड़ से अधिक की टैक्स चोरी पकड़ी गई है। 200 करोड़ से अधिक की संपत्ति का पता चला है, जिसमें तीन जगह से करीब 19 किलो सोना, 144 करोड़ की नकदी लेनदेन और 7 बेनामी लग्जरी कारें मिली हैं। सूत्रों के अनुसार पूरा मामला टैक्स चोरी, मनी लॉन्ड्रिंग, कंस्ट्रक्शन, शराब और बीड़ी कारोबार से जुड़ा हुआ है।**



आयकर विभाग की अलग-अलग टीमों ने रविवार तड़के सागर के सदर स्थित राठौर बंगले पर रेड की थी। यह बंगला भाजपा से बंडा के पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर का है। उनके भाई कुलदीप सिंह राठौर बड़े शराब करोबारी हैं और साथ रहते हैं। दूसरी टीम ने जवाहर गंज वार्ड स्थित भाजपा के पूर्व पार्षद व कारोबारी राजेश केशरवानी और उनके साथी राकेश छावड़ा के घर पर छापामार कार्रवाई की थी।

आईटी की टीमें 50 से अधिक गाड़ियों से सागर पहुंची थी। छापामार कार्रवाई की खबर लगते ही सागर के कारोबारियों जो राठौर, केशरवानी के नजदीकी हैं, उनमें हड़कंप मचा हुआ था। तीन दिन तक चली सघन कार्रवाई के बाद आईटी विभाग ने बड़ी टैक्स चोरी और बेनामी संपत्ति का खुलासा किया है। अभी भी इनसे जुड़े दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। मामले में ईडी की एंट्री भी हो सकती है।

बंडा से पूर्व विधायक रहे हरवंश सिंह राठौर के बंगले पर रविवार तड़के से मंगलवार दोपहर तक आयकर विभाग की टीमें कार्रवाई कर दस्तावेज खंगालती रहीं। इस दौरान राठौर के यहां से 14 किलो सोना और 3.8 करोड़ नकदी मिली है, जिसका कोई हिसाब-किताब राठौर परिवार मौके पर नहीं दे सके हैं।

राठौर परिवार दशकों से ही संभाग का बड़ा बीड़ी कारोबारी और राजनीति में प्रभावशाली परिवार रहा है। हरवंश सिंह की राजेश केशरवानी के साथ कंस्ट्रक्शन के काम में साझेदारी का खुलासा हुआ है, जिस कारण आईटी विभाग उन तक पहुंची थी।

पूर्व पार्षद व बीड़ी कारोबारी राजेश केशरवानी परिवार के यहां आईटी रेड के दौरान अधिकारियों को 140 करोड़ से अधिक के नकद लेनदेन, 7 बेनामी लग्जरी कारें और करीब 4.7 किलो सोना मिला हैं। सूत्र बताते हैं कि सोना सीज नहीं किया गया क्योंकि केशरवानी परिवार ने गोल्ड और जूलरी खरीदी के दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए थे। केशरवानी के नजदीकी और एलआईसी एजेंट राकेश छावड़ा के यहां भी छापामार कार्रवाई की गई थी। हालांकि यहां से कुछ खास नहीं मिला। लेकिन जो फॉर्च्यूनर कार राजेश केशरवानी के यहां से मिली है वह राकेश छावड़ा के नाम पर खरीदी गई थी, इसलिए वे भी आईटी की जद में आए थे। बता दें के राठौर, केशरवानी और छावड़ा आपस में बिजनेस साझेदार रहे हैं।

## प्रदेश में एक बार फिर शुरू हुआ ठंड का दौर, दिन में चली ठंडी हवाएं,रात के तापमान में भी आएगी गिरावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कुछ दिन ठंड से राहत मिलने के बाद एक बार फिर से कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया है। मंगलवार को दिन में ठंडी हवाओं से ठिठुरन बढ़ गई। दिन के तापमान में गिरावट देखी गई। ग्वालियर का अधिकतम तापमान 18.4 डिग्री सतना, सीधी का 19 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि राजधानी भोपाल का अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। शीतलहर भी चल सकती है। 2 दिन तक ग्वालियर, चंबल और रीवा संभाग में घना कोहरा रहेगा। 12 जनवरी से कुछ जिलों में हल्की बारिश होने का भी अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फबारी होने से सर्द हवाएं मध्यप्रदेश में आ रही हैं। 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 204 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से जेट स्ट्रीम चलती रहीं। आने वाले दिनों में बर्फ पिघलेगी, जिससे हवा की रफ्तार तेज होगी और प्रदेश में ठंड का असर बढ़ जाएगा। जनवरी में प्रदेश का मौसम ठंडा ही रहेगा। 20 से 22 दिन तक शीतलहर चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि उत्तरी हवा का असर तेज होने से दिन-रात के तापमान में गिरावट आएगी।

## सरकारी कर्मचारियों को 31 जनवरी तक प्रॉपर्टी का ब्योरा देने का आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने अपने सभी सरकारी कर्मचारियों से उनकी अचल संपत्ति का ब्यौरा 31 जनवरी तक जमा कराने को कहा है। यह प्रक्रिया हर साल की जाती है, जिसे 2010 से अनिवार्य किया गया है। कर्मचारियों को निर्धारित फॉर्मेट में अपनी संपत्ति की पूरी जानकारी देनी होगी, जिसमें उनके वर्तमान पद, सैलेरी और परिवार के नाम से संपत्तियों का विवरण शामिल होगा। साथ ही, यह जानकारी भी देनी होगी कि उक्त संपत्तियां स्वयं अर्जित की गई हैं या फिर पुश्तैनी हैं। अगर संपत्ति स्वयं अर्जित की तो इसके भुगतान का तरीका, खरीदी के समय और वर्तमान मूल्य की जानकारी भी प्रस्तुत करनी होगी। आदेश के अनुसार प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को हर साल अपनी संपत्ति का ब्यौरा देना अनिवार्य है। इस पहल की शुरुआत 2010 में हुई थी और यह सुनिश्चित किया गया है कि कर्मचारियों की संपत्ति पर पूरी पारदर्शिता बनी रहे।

# सिंहस्थ-2028 के लिए कुल 1451 करोड़ के नए कामों को स्वीकृति

### मुख्यमंत्री बोले- हर 15 दिन में हो कामों की समीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को सिंहस्थ-2028 की मंत्रि-मंडलीय समिति की द्वितीय बैठक की। गृह, पर्यटन, संस्कृति तथा नगरीय विकास एवं आवास विभाग के एक हजार 451 करोड़ रुपये लागत के 56 कार्य को स्वीकृति प्रदान की। इनमें गृह विभाग के अंतर्गत निर्मित होने वाले कंपोजिट कंट्रोल रूम उज्जैन, नवीन थाना भवन, इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर खंडवा सहित उज्जैन, खंडवा, देवास, इंदौर, आगर-मालवा, खरगोन में बनने वाले पुलिस आवास, थाना, ट्रांजिट हॉस्टल व कैंप, बैरक आदि शामिल हैं। नगरीय विकास



एवं आवास विभाग के अंतर्गत सिंहस्थ के दौरान आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण 5 सड़कों के चौड़ीकरण कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ-2028 के लिए उज्जैन और इंदौर संभाग में जारी अधोसंरचनात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा प्रत्येक 15 दिन में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में विलंब के कारणों का तत्काल निराकरण किया जाए और निर्माण एजेंसियों की साप्ताहिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। इन संभागों में 2 ज्योतिर्लिंग होने से श्रद्धालुओं का आवागमन तथा धार्मिक गतिविधियां तुलनात्मक रूप से अधिक होंगी। सक्षम स्तर के अधिकारी बैठक कर, कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। ऐसे विषय जिन में उच्च स्तर से समन्वय या मार्गदर्शन आवश्यक है, वे विषय राज्य शासन के संज्ञान में लाए जाएं। निर्माण एजेंसियों को सौंपे गए कार्यों की साप्ताहिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर विलंब के कारणों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

सिंहस्थ-2028 की व्यवस्थाओं को श्रेष्ठतम बनाने के लिए प्रयागराज कुंभ और हरिद्वार कुंभ मॉडल का अध्ययन किया जाएगा। इसमें क्रॉउड मैनेजमेंट, ड्रोन सर्वे, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और अन्य नवाचारों की बेस्ट प्रैक्टिसेस को उज्जैन में लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर और उज्जैन जिलों में बस अड्डों की क्षमता वृद्धि और नवीन बस अड्डों के विकास के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यह योजना मार्च-2025 तक तैयार की जाएगी।

# जनसुनवाई में आ रही समस्याओं के समय-सीमा में निराकरण की विशेष व्यवस्था

## आवेदकों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए नहीं होना पड़े परेशान- कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने दिए अधिकारियों को निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जनसुनवाई में आ रहे पारिवारिक, सम्पत्ति विवादों तथा भरण-पोषण आदि प्रकरणों में निःशुल्क विधिक सहायता देने के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर कलेक्टर कार्यालय में विधिक सहायता संबंधी विशेष व्यवस्था की गई है। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय में स्थापित केन्द्र के माध्यम से हर मंगलवार को पीड़ित आवेदकों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर ही यहां कलेक्टर कार्यालय में पारिवारिक, सम्पत्ति तथा भरण-पोषण आदि प्रकरणों के निराकरण के लिए मध्यस्थता केन्द्र भी स्थापित किया गया है। यह केन्द्र जनसुनवाई में आने वाले प्रकरणों के निराकरण में मददगार भी बन रहा है।



कलेक्टर श्री आशीष सिंह सहित अन्य अधिकारी प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका सहानुभूति पूर्वक निराकरण कर रहे हैं। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि आवेदकों की समस्याओं को पूर्ण गम्भीरता से सुने और उनका हाथों-हाथ निराकरण करें। ऐसी समस्याएं जो मौके पर निराकृत नहीं हो रही है, उनके निराकरण के लिए समय-सीमा तय कर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर द्वारा प्रति सप्ताह निराकरण की समीक्षा भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा निराकरण सुनिश्चित करें, जिससे की आवेदकों को परेशान नहीं होना पड़े और एक ही समस्या के निराकरण के लिए कलेक्टर कार्यालय वापस न आना पड़े। बताया गया कि जनसुनवाई में अधिकांश प्रकरण पारिवारिक, सम्पत्ति विवाद तथा भरण-पोषण संबंधी विवादों के रहते है। इन्हें मध्यस्थता केन्द्र के माध्यम से सुलझाया जा रहा है। ऐसे प्रकरण जो न्यायालयीन स्तर के हैं उनमें कानूनी सलाह देने के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक जी-12 में विधिक सहायता केन्द्र के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता देने की व्यवस्था भी की गई है। मंगलवार को भी सम्पन्न हुई जनसुनवाई में अनेक प्रकरण विधिक सहायता के लिए प्रेषित किये गए।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष और अपने-अपने कक्षों में भी नागरिकों की समस्याओं को सुन और उनका मौके पर ही निराकरण कर रहे है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बताया कि आवेदकों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। यह तय किया गया है कि आवेदकों की समस्याओं के समय-सीमा में निराकरण को सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था के तहत उनके प्रकरण सीएम हेल्पलाइन में दर्ज किए जा रहे हैं। समय-सीमा में निराकरण किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे हर हाल में समय-सीमा में समस्याओं का सकारात्मक निराकरण करें। मंगलवार को सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्री सिंह ने अनेक आवेदकों को रेडक्रॉस के माध्यम से सहायता भी उपलब्ध कराई। यह सहायता शिक्षा, इलाज और रोजगार के लिए जरूरतमंदों को प्रदान की गई। जिन लोगों को सहायता प्रदान की गई उनमें बाबूलाल पिता श्री गंगाराम, उषा जोशी, श्रीमती तमन्ना पति अंकित, संजय विरवानी, रौनक अग्रवाल, किशोर राजदेव, खेमराज जैन, नीकिता कुशवाह, दिलीप मंगल, तनुश्री, आशा पंचाल, कांता बाई आदि शामिल है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह को महालक्ष्मी नगर के कुछ सदस्यों ने अपनी प्लॉट संबंधी समस्या बताई। कलेक्टर श्री सिंह ने इस समस्या के निराकरण के लिए अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल को जांच सौंपी और 7 दिन में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## स्वामी विवेकानंदजी के जन्मदिवस को "युवा दिवस" के रूप में मनाया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले में आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जी के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम होंगे। मुख्य कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 12 जनवरी को सुबह 9 बजे से सुबह 10.30 बजे तक आर.ए.पी.टी.सी. मैदान महेश गार्ड लाईन में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 4 हजार छात्र/छात्राएँ एवं शिक्षक/शिक्षिकाएँ आदि शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिला योग समिति, सहज योग केन्द्र, आरोग्य भारती, प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, योग एसोसिएशन इन्दौर, योग संघ, एनसीसी, स्काउट गाईड, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पंतजलि योग समिति, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था (श्री रविशंकर जी), अशासकीय शिक्षण संस्थाओं तथा संबंधित विभाग, संगठन, पालक शिक्षक संघ, विभिन्न योग संस्थाएं, विवेकानन्द केन्द्र, कन्याकुमारी, आर्य समाज, विद्या भारती शिक्षा संस्थान, आरोग्य भारती, ईशा फाउंडेशन श्री रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ, गायत्री परिवार, आर्य समाज, अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के छात्रावास, स्थानीय खेल क्लब आदि की सहभागिता भी रहेगी।

## 11 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया

### अग्निवीर भर्ती रैलियों के आयोजन भी संपन्न हुए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा गत एक वर्ष की उपलब्धियों के विषय में बताया गया है कि वर्ष 2024 में 11 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है। इनमें 5 हजार 251 आवेदकों ने भाग लिया तथा 3 हजार 192 आवेदकों को निजी क्षेत्र में रोजगार प्रदान किए जाने हेतु निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा प्रारंभिक रूप से चयन किया गया है।

विगत वर्ष में अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया गया। जिसमें आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस महू एवं जिला प्रशासन के निर्देशन पर वर्ष 2024 में तक्षशिला परिसर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय खंडवा रोड इंदौर में आयोजित किया गया था। उक्त रैली में 14 जिले के आवेदकों का शारीरिक परीक्षण कर मेडिकल जांच की गई थी। इंदौर जिले सहित नीमच तथा आगर मालवा की अग्निवीर भर्ती रैली में एक हजार 192 आवेदक पात्र थे, जिनमें से 947 आवेदक उपस्थित हुए थे। शाजापुर तथा धार जिले की अग्निवीर भर्ती रैली में एक हजार 196 आवेदक पात्र थे, जिनमें से एक हजार 17 आवेदक उपस्थित हुए। इसी प्रकार उज्जैन तथा रतलाम जिले में आयोजित भर्ती रैली में एक हजार 171 आवेदक पात्र थे, जिनमें से 994 आवेदक उपस्थित हुए। इसी प्रकार आलीराजपुर, मंदसौर, बुरहानपुर, झाबुआ तथा बड़वानी जिले में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में एक हजार 18 आवेदक पात्र हुए, जिनमें से 867 आवेदक उपस्थित हुए थे। देवास, खरगोन तथा बड़वानी जिले की भर्ती रैली में एक हजार 56 आवेदक पात्र हुए, जिनमें से 924 आवेदक उपस्थित हुए थे। उक्त सभी जिले में आयोजित हुए अग्निवीर भर्ती रैलियों में टेक्नीशियन तथा क्लर्क आदि पदों के लिए एक हजार 102 आवेदक पात्र थे, जिनमें से 905 आवेदक उपस्थित हुए। भर्ती रैलियों के सफलतापूर्वक आयोजन करने हेतु प्रशस्ति पत्र भी प्रस्तुत हुआ है।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का तेजी से निराकरण करें : संभागायुक्त दीपक सिंह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में प्राप्त आवेदनों का तेज़ी से निराकरण करें। सभी संभागीय अधिकारी इन आवेदनों के साथ ही समाधान ऑनलाइन के प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए जिला अधिकारियों के साथ सतत् निगरानी करें। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने मंगलवार को संभागीय अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान बुरहानपुर ज़िले और आलीराजपुर ज़िलों में कार्य में शिथिलता एवं लापरवाही पाए जाने पर दोनों ज़िलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश उन्होंने दिए। बड़वानी और खरगोन ज़िले में जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी के कार्य में भी लापरवाही पाई गई है। इस पर भी उन्होंने क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य को इन अधिकारियों से



स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त श्रीमती शैली कनाश सहित विभिन्न विभागों के संभागीय अधिकारी उपस्थित थे। नल जल योजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने पीएचई विभाग को निर्देश दिए कि प्रारंभ की गई सभी नलजल योजनाएं सुचारु रूप से संचालित किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने इंदौर ज़िले में हर घर नल जल योजना के लंबित कार्य तेज़ी से पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत इंदौर संभाग में 4406 शिविर प्रस्तावित हैं जिसमें 2866 शिविर लगाए जा चुके हैं।

बैठक में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने सीएम हेल्पलाईन/समाधान ऑनलाईन के बिन्दुओं के साथ ही CPGRAMS की शिकायतों के निराकरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों के निराकरण, मुख्यमंत्री मॉनिट, मुख्य सचिव मॉनिट, मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर, टी. बी. मुक्त भारत, मुख्यमंत्री जी के संभागीय बैठक के निर्देशों के पालन, धरती आबा योजना की प्रगति, जनसंवाद कार्यक्रमों के आयोजन और विकसित म.प्र. 2047 विजन डाक्यूमेंट के प्रारूप की तैयारी, 70 से अधिक आयु के आयुष्मान कार्ड की प्रगति तथा पी.एम. जल जीवन मिशन सहित अन्य विषयों की समीक्षा की।

## लवकुश फ्लायओवर की दूसरी भुजा भी तैयार

**इंदौर**। इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार किए गए लवकुश चौराहा पर फोरलेन फ्लायओवर की दूसरी भुजा भी बनकर तैयार हो गई है। इसकी एक भुजा से कुछ समय पहले ही यातायात शुरू कर दिया गया था।



बताया जा रहा है कि दूसरी भुजा से भी यातायात इस सप्ताह में शुरू हो जाएगा। इस फ्लायओवर पर आईडीए ने 68 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है। इसी लवकुश चौराहा पर प्रदेश का पहला डबल डेकर फ्लायओवर भी 150 करोड़ रुपये की लागत से प्राधिकरण द्वारा निर्मित किया जा रहा है। इस फ्लायओवर के शुरू होने से लवकुश चौराहा पर होने वाले ट्रैफिक जाम से लगभग मुक्ति मिल गई है और अब सुपर कॉरिडोर और एयरपोर्ट का आना-जाना भी आसान हो गया है। इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा चार चौराहों पर फ्लायओवर की सौगात दी गई है, जिसमें फूटी कोठी और भंवरकुआं फ्लायओवर का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया था। इसके साथ ही खजराना और लवकुश फ्लायओवर की एक-एक भुजा से यातायात शुरू कर दिया गया था। बीते दिनों खजराना फ्लायओवर की दूसरी भुजा से भी यातायात शुरू हो गया है और अब लवकुश चौराहा फ्लायओवर की दूसरी भुजा से भी जल्द यातायात शुरू हो जाएगा।

## ड्यूटी से लौटते समय सिक्योरिटी गार्ड की मौत, दंपति घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सेंट्रल पॉइंट के पास सड़क हादसे में एक सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। जबकि एक दंपति घायल हो गया। बताया जा रहा है कि गार्ड अपनी ड्यूटी खत्म कर कंपनी से बाहर निकले थे। उसी समय तेज रफ्तार में आ रही दंपति की बाइक उनकी बाइक से टकरा गई। हादसे में घायल तीनों को एमवाय अस्पताल ले जाया गया। जहां रात में गार्ड ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है, जबकि दंपति का इलाज एमवाय में चल रहा है। शिप्रा पुलिस के अनुसार, यह हादसा अर्जुन बड़ौदा क्षेत्र में हुआ। मृतक गार्ड की पहचान रतन सिंह (62), पुत्र भेरूसिंह सोनगरा निवासी स्कीम नंबर 78 के रूप में हुई है। हादसे में सौरभ और उनकी पत्नी कनक, निवासी नयापुरा, घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि रतन सिंह की बाइक से दंपति की बाइक टकरा गई थी, जिससे तीनों घायल हो गए। कंपनी से कुछ दूर पर मौजूद एक गार्ड ने एंबुलेंस बुलाकर तीनों को अस्पताल भिजवाया। हालांकि, अस्पताल में रतन सिंह की मौत हो गई। परिवार के अनुसार, रतन सिंह ड्यूटी खत्म कर शाम को अपने घर लौट रहे थे। फैक्ट्री से निकलने के बाद वह मुश्किल से 100 मीटर ही पहुंचे थे कि यह हादसा हो गया। रतन सिंह के परिवार में उनका बेटा लाल सिंह है, जो इंदौर की एक निजी कंपनी में काम करता है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## छात्र ने किया सुसाइड पुलिस जांच में जुटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के अन्नपूर्णा इलाके में किराए से रहने वाले एक छात्र ने जान दे दी। परिवार के लोगों ने बताया कि मंगलवार को उसका शव फंदे पर लटका मिला। बताया जाता है कि ट्रैफिक पुलिस में पदस्थ एक महिला आरक्षक सरजू सोलंकी से उसका अफेयर चल रहा था। दोनों की शादी की बात भी चल रही थी। पुलिस ने पूरा मामला जांच में लिया है। अन्नपूर्णा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदीप रावत निवासी गुरुनानक कॉलोनी ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। वह मूल रूप से बांक टांडा का रहने वाला था। परिवार के लोगों ने बताया कि वह यहां जॉब के साथ बीएड की पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता किसानी करते हैं। पुलिस आत्महत्या को लेकर जांच कर रही है।

## खेलते-खेलते बच्चे की हौज में डूबने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आजाद नगर क्षेत्र में दो साल के बच्चे की हौज में डूबने से मौत हो गई। हौज घर में ही सीढ़ियों के नीचे बनी है। उसका ढक्कन खुला था। बच्चा खेलते-खेलते कमरे से बाहर आया और हौज में गिर पड़ा। घर में बच्चे के दिखाई नहीं देने पर चाचा ने हौज में देखा तो उसे बाहर निकाला। परिजन बच्चे को अस्पताल लेकर गए, लेकिन डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना सोमवार रात को आजाद नगर क्षेत्र के देव नगर में हुई। यहां रहने वाले गोविंद साहू का दो साल का बेटा गर्व घर में खेल रहा था। दादी उसे छोड़कर थोड़ी देर के लिए किचन में गई। गर्व कमरे से निकल कर आंगन में चला गया और सीढ़ियों के नीचे बनी हौज में गिर पड़ा।इस दौरान आंगन में कोई नहीं था। इस कारण किसी का भी ध्यान उसकी तरफ नहीं गया। दादा पन्नालाल गर्व को खोजने लगे, लेकिन वह नहीं मिला। गर्व के चाचा ने हौज में देखा तो वह डूबा नजर आया। वे हौज में उतरे और गर्व को बाहर निकाला।इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक फेफड़ों में पानी भर जाने की वजह से उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के समय गर्व के पिता गोविंद अपनी दुकान पर थे, उनकी फोटोकॉपी की दुकान है, जबकि मां कीचन में खाना बना रही थी। गर्व उनका इकलौता बेटा था। गर्व के डूबने के कारण परिजन काफी दुखी हो गए।



# वृद्धा का हाथ पकड़कर विभाग में ले गए निगम कमिश्नर

## तुरंत बनवाया परिजन का मृत्यु प्रमाण पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मंगलवार को नगर निगम की जनसुनवाई हुई। इस दौरान निगम कमिश्नर शिवम वर्मा के पास एक बुजुर्ग महिला अपने परिजन का मृत्यु प्रमाण नहीं मिलने की शिकायत लेकर पहुंची। उन्होंने बताया परिजन की अप्रैल में मृत्यु हो गई थी लेकिन मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पैसे मांगे जा रहे हैं। इस पर निगम कमिश्नर बुजुर्ग महिला का हाथ पकड़कर उन्हें जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र विभाग ले गए। उनके वहां पहुंचते ही पूरा स्टाफ सकपका गया। कहा कि किसी ने रुपए नहीं मांगे और बात टालने की कोशिश की। इस पर निगम कमिश्नर ने नाराजगी जताई। उन्होंने जानकारी ली तो पता चला कि मृत्यु प्रमाणपत्र अप्रैल 2024 बनाकर देना था लेकिन नहीं दिया गया। इस पर उन्होंने तुरंत उनका प्रमाण पत्र बनवाया और कहा कि वे उन्हें कोई परेशानी नहीं आने देंगे, वे उनके बेटे के समान है। इस दौरान बुजुर्ग महिला इस मानवीयता के लिए उनका आभार माना। निगम कमिश्नर ने उन्हें इलाज में भी मदद करने की बात कही है। उन्होंने स्टाफ को फटकार लगाई कि जब पैंडेंसी खत्म हो गई थी तो यह सर्टिफिकेट क्यों नहीं जारी किया। निरीक्षण में अन्य मामले भी पेंडिंग पाए गए। फिर उन्होंने राजस्व विभाग का निरीक्षण किया और यहां आने वाले लोगों से बात कर वस्तु स्थिति जानी। निगम कमिश्नर ने अव्यवस्था मिलने पर विभाग के मस्टर कर्मचारी अनिल रानवे की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की। साथ ही महिला कर्मचारी को फटकार लगाने के साथ व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने डिप्टी प्रदीप कुमार जैन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए 2 दिनों में जवाब पेश करने को कहा है।



# बैंक अधिकारी बनकर ठगे 3 लाख रुपये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंस्टाग्राम पर चलाते लोन का विज्ञापन किया है। पीड़िता के अनुसार, दिसंबर 2024 में उसने इंस्टाग्राम पर एक विज्ञापन देखकर संपर्क किया था। इसके बाद फर्जी अधिकारी ने महिला से पैसे ठग लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

एमजी रोड पुलिस ने प्रियंका पति उमेश लाड, निवासी स्नेहलतागंज, के खिलाफ ठगी के मामले में केस दर्ज किया है। प्रियंका ने बताया कि 22 दिसंबर को उनकी नौकरानी भारती ने उन्हें इंस्टाग्राम पर एक वीडियो दिखाया, जिसमें लोन देने की बात कही गई थी। वीडियो में एक नंबर दिया गया था। उसी दिन शाम को भारती ने प्रियंका के घर पहुंचकर अपने मोबाइल से उस नंबर पर कॉल किया और प्रियंका की बात कराई। कॉल पर मौजूद व्यक्ति ने खुद को महेंद्र सिंह परिहार और धनी फाइनेंस का अधिकारी बताया। महेंद्र ने आधार और पैन कार्ड की जानकारी व्हाट्सएप पर भेजने को कहा। कुछ देर बाद उसने भारती के नंबर पर कॉल कर बताया कि वेरिफिकेशन हो गया है और इसके लिए 1250 रुपए फीस जमा करनी होगी। भारती के खाते में पैसे नहीं होने के कारण प्रियंका ने अपने खाते से पैसे भेजे। इसके बाद भारती के खाते से बताए गए नंबर पर पैसे ट्रांसफर किए गए। कुछ समय बाद महेंद्र परिहार ने फिर कॉल किया और जीएसटी के लिए 3100 रुपए मांगे। पहले तो प्रियंका ने पैसे देने से मना कर दिया, लेकिन महेंद्र ने दो दिन में लोन अप्रूव होने की बात कही। बाद में उसने टीडीएस टैक्स और अन्य कारणों से अलग-अलग बार पैसे मांगे। इस तरह महेंद्र ने अलग-अलग बहाने बनाकर प्रियंका के खाते से करीब 3 लाख रुपए ठग लिए।

## डॉक्टर हत्याकांड के मुख्य आरोपी का कोर्ट में सरेंडर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में होम्योपैथिक डॉक्टर सुनील साहू की हत्या करवाने वाले वकील संतोष शर्मा ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। आरोपी की घटना के बाद से ही तलाश की जा रही थी, लेकिन वह चकमा दे रहा था। आरोपी संतोष ने डॉक्टर की पत्नी के साथ संबंध होने के चलते डॉक्टर की हत्या की थी। पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज में जो गाड़ी नजर आई थी, वह संतोष की थी। संतोष और डॉक्टर की पत्नी के बीच तीन वर्ष से संबंध है। डाक्टर और पत्नी सोनाली के बीच इस बात को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। पत्नी ने संतोष के साथ मिलकर ठान लिया था कि डॉक्टर की हत्या करना है।

## छात्रा ने बुक की रेपिडो पीछा करने लगा ड्राइवर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मंगलवार को छेड़छाड़ के दो मामले सामने आए हैं। पहला केस भंवरकुआ क्षेत्र का है। यहां एक रेपिडो ड्राइवर के खिलाफ छात्रा ने छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया है। छात्रा का कहना है कि आरोपी उसका पीछा करता है। एक दिन पहले वह होस्टल तक आ गया। उसने मामले में होस्टल के मालिक और वार्डन को जानकारी दी। इसके बाद केस दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक बीए की पढ़ाई करने वाली छात्रा की शिकायत पर एक मोबाइल नंबर के धारक पर केस दर्ज किया गया है। आरोपी रेपिडो ड्राइवर है। छात्रा ने बताया कि उसने 2 जनवरी को रेलवे स्टेशन से खजराना जाने के लिए रेपिडो बुक की थी। जिसमें लोकेशन पर छोड़ने के बाद से रेपिडो ड्राइवर उसका पीछा करने लगा। उक्त नंबर से कॉल कर परेशान कर रहा है। बात करने को लेकर दबाव बना रहा है। 5 जनवरी को वह कॉलेज से होस्टल की तरफ आ रह थी तो रेपिडो ड्राइवर पीछा करते हुए आ गया। काफी देर तक होस्टल के बाहर खड़ा रहा। उसने परेशान होकर होस्टल के ऑनर को वार्डन को जानकारी दी।

# अकाउंटेंट के साथ सहकर्मी ने की छेड़छाड़, दी धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाने में 25 साल की युवती ने छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। युवती निजी कंपनी में अकाउंटेंट है। उसने बताया कि सुरेंद्र नरवरे पहले एक ऑफिस में साथ में काम करता था। इस दौरान दोस्ती हो गई। बाद में वह दूसरी कंपनी में जॉब करने लगी। बीते 6 माह से सुरेंद्र लगातार पीछा कर रहा है। उसे समझाया लेकिन नहीं माना। 31 दिसंबर की रात सुरेंद्र घर आ गया। मेरा हाथ पकड़कर धमकी दी कि शादी नहीं करेगी तो जान से खत्म कर देगा। आसपास के लोग इकट्ठा हो गए तो अपशब्द कहते हुए वह मेरा मोबाइल भी ले गया। इसके बाद सोमवार को वह ऑफिस आ गया। उसने गार्ड को मोबाइल दिया काफी देर तक ऑफिस के बाहर खडे रहा। मिलने की जिद करते रहा। इसकी जानकारी जब परिवार को दी तो उनके साथ आकर थाने में केस दर्ज कराया है।

## प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में मनीष, पुत्र थॉमस निवासी लक्ष्मीपुरी कॉलोनी की सोमवार को मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मनीष रॉय बोट कंपनी में काम कर रहे थे, जहां अचानक गश खाकर गिर पड़े। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है।

# स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन प्रारंभ करने की मंत्रि-परिषद ने दी सैद्धांतिक स्वीकृति

## दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने के लिए सहकार्यता अनुबंध पर दी सहमति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के युवाओं के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के उद्देश्य से युवा-उन्मुखीकरण की गतिविधियों को समन्वित रूप से एक ही मंच पर लाने के लिए स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन प्रारंभ करने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है।**

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर प्रदेश में चार मिशन अन्नदाता (किसान) कल्याण, युवा शक्ति, नारी शक्ति और गरीब कल्याण को लागू करने की घोषणा की थी। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन, युवाओं के उन्मुखीकरण की गतिविधियों को समन्वित करने के लिए एक साझेदारी मंच का निर्माण करेगा, जिससे राज्य के विकास को बढ़ावा मिलेगा। स्वामी विवेकानन्द की जयंती 12 जनवरी 2025 (युवा दिवस) के अवसर पर मिशन प्रारंभ किया जायेगा। मिशन के प्रमुख उद्देश्य युवाओं में आत्म-विश्वास निर्माण, प्रतिस्पर्धा के लिए तैयारी के साथ उनके कौशल उन्नयन और प्रतिभा को निखारने की गतिविधियों को बढ़ावा देना है। मिशन के प्रमुख घटक संवाद, सामर्थ्य (योग्यता) और समृद्धि, है। मिशन के तीन प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए गये है। पहला लक्ष्य-प्रत्येक युवाओं की आय का स्तर न्यूनतम कुशल श्रेणी श्रमिक की दर के बराबर लक्षित करना। दूसरा लक्ष्य-प्रत्येक युवा को कक्षा 12वीं तक के स्तर तक शिक्षा पूरी कराने के लिये प्रयास करना। यह लक्ष्य 10वीं में वर्ष 2028 तक तथा 12वीं में वर्ष 2030 तक हासिल किया जायेगा। तीसरा लक्ष्य-प्रत्येक युवा को समाज के हित में सामाजिक पहल का हिस्सा बनाना है। वर्ष 2030 तक 70 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की जायेगी।



### दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा

मंत्रि-परिषद द्वारा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत सहकारी प्रणाली और सांची ब्राण्ड को बड़ा बनाने के उद्देश्य से एम.पी. स्टेट को-ओपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के मध्य होने वाले सहकार्यता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) पर सहमति दी गयी। यह निर्णय मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है। एम.पी. स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य कोलेबोरेशन एग्रीमेंट के अनुसार दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं सही कीमत दिलाने में मदद के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे। दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी। इस तरह अगले 5 सालों में लगभग 1500 करोड़ रूपये का निवेश किया जायेगा। दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार की जायेगी। इस तरह दूध संकलन 10.50 लाख किलोग्राम से बढ़ाकर 20 लाख किलोग्राम किया जायेगा। दुग्ध उत्पादकों की कुल वार्षिक आय 1700 करोड़ रूपये से दोगुना कर 3500 करोड़ रूपये किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। सांची ब्रांड का और व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाकर राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जायेगा।

# लुटेरी दुल्हन गैंग ने मिलकर युवक को फंसाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** लुटेरी दुल्हन गैंग के सदस्यों ने मिलकर खालवा के युवक को शादी के नाम पर ठग लिया। युवक से एक लाख 70 हजार रुपये लेकर एक युवती से उसकी शादी करवा दी। शादी के चार दिन बाद भाई से मिलने का बहाना बनाकर दुल्हन गहने लेकर फरार हो गई। युवक ने उसकी तलाश की, लेकिन वो नहीं मिली। जिन दलालों ने युवक की शादी करवाई थी, अब उनका भी कोई पता नहीं चल पा रहा है।

खालवा निवासी युवक 19 वर्षीय राहुल पुत्र मानसिंग ने इस संबंध में शिकायती आवेदन मंगलवार को एसपी मनोज कुमार राय को दिया है।पीड़ित युवक ने बताया कि वह इंदौर के पास शिप्रा में एक टावर फैक्ट्री में काम करता था। करीब एक माह पहले वहां अमित नाम के युवक से मुलाकात हुई। दोनों में दोस्ती हो गई और बात-बात में उसने शादी करने के बारे में पूछाइस पर उसने भी शादी के लिए युवती की तलाश करने की बात कही और शादी के लिए हां कह दिया। इस पर उसने बताया कि युवती के माता-पिता नहीं है। उसने कहा कि शादी के लिए एक लाख 70 हजार रुपये लगेंगे। इस पर युवक तैयार हो गया। युवक ने बताया कि युवती के साथ तीन पुरुष और तीन महिलाएं थी। पहले तो मुझे बताया गया था कि लड़की के माता-पिता नहीं है। कोर्ट में शादी का कहा तो मैंने उससे पूछा भी था कि वहां माता-पिता तो लगेंगे।इस पर उन्होंने कहा कि इन महिलाओं में से किसी को भी मां बनाकर पेश कर देंगे। इसके बाद वो मुझे एक कार्यालय में ले गए। जहां एक वकील ने नोटरी पर हमारी शादी करवा दी।

# वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक चटर्जी का निधन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** जाने-माने थिएटर अभिनेता आलोक चटर्जी का 64 साल की उम्र में निधन हो गया। सोमवार रात 12 बजे भोपाल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह मध्यप्रदेश स्कूल ऑफ ड्रामा के पूर्व निदेशक भी थे। अभिनेता ओम पुरी के बाद एनएसडी (नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा) के दूसरे गोल्ड मेडलिस्ट रहे। हिंदी सिनेमा के दिग्गज कलाकार रहे इरफान खान से भी आलोक चटर्जी की गहरी दोस्ती थी। दोनों ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में साल 1984 से लेकर 1987 तक एक साथ पढ़ाई की। दोनों ने तीन साल तक नाटकों में लीड रोल भी निभाए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड से सम्मानित किया था। चार दिन बाद (11 जनवरी) उनका जन्मदिन आने वाला था। रंगकर्मी बालेंद्र बालू ने बताया कि 'सोमवार रात करीब 11-12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वह कई बीमारियों से जूझ रहे थे। किडनी पैंक्रियाज में भी समस्याएं थीं। उन्हें बंसल हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती किया गया था। उनके शरीर में इन्फेक्शन फैल गया था। इसके चलते उनके अंगों ने काम करना बंद कर दिया था।

# कर्मचारी को समय से पहले रिटायर कर दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल।** बैतूल में लोक निर्माण विभाग पर एक स्थायी कर्मी ने रिटायरमेंट की उम्र से 12 साल पहले ही उसे रिटायर करने का आरोप लगाया है। 50 साल के प्रेमलाल ने आरोप लगाया कि विभाग ने उसे 62 साल का मानते हुए रिटायर आदेश पकड़ा कर ड्यूटी से बाहर कर दिया गया। अब वह दोबारा नौकरी पाने भटक रहा है। हैरानी की बात है कि उसका बड़ा भाई अब भी उसी विभाग में ड्यूटी कर रहा है। जिसका रिटायरमेंट आठ साल बाद होगा। प्रेमलाल पिता ओझू ने बताया कि वह लोक निर्माण विभाग के शाहपुर संभाग में स्थायी कर्मी के तौर पर तैनात हुआ था। मजदूर के तौर पर काम करते करते विभाग ने उसे स्थायी कर्मी बना दियाउसका जीवन अपने दो बच्चों के साथ चैन से कट रहा था। वह बेटी की शादी और बेटे को किसी काम धंधे में जुटाने की तैयारी कर रहा था। उसने बताया कि एक दिन उसे शाहपुर PWD विभाग के एसडीओ का दो लाइन का पत्र मिला। उसमें 62 साल की उम्र पूरी कर लेने के कारण उसे 31 अगस्त 2024 को रिटायर करने की बात लिखी गई। इसके बाद उसे रिटायर कर दिया गया। अब वह अपनी नौकरी पाने दफ्तरों, वकीलों और मददगारों के चक्कर लगा रहा है।

## कमलनाथ नाराज, बोले-

# मुझसे कुछ पूछा नहीं जाता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भोपाल।** पूर्व सीएम कमलनाथ ने प्रदेश कांग्रेस संगठन से अपनी नाराजगी जताई है। उन्होंने भरी मीटिंग में कहा कि मुझसे कुछ पूछा नहीं जाता। मीटिंग की सूचना भी नहीं दी जाती। कमलनाथ की इस बात का पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने भी समर्थन किया।

दरअसल, कांग्रेस 26 जनवरी को महू में जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली का आयोजन करने जा रही है। इसी की तैयारियों को लेकर सोमवार शाम को मध्यप्रदेश कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की वर्चुअल मीटिंग हुई। जिसमें पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह समेत कमेटी के तमाम सदस्य जुड़े थे। वर्चुअल मीटिंग में पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा- आजकल ऐसा चल रहा है कि नियुक्तियों में मुझसे पूछा तक नहीं जाता। भले किसी के कहने से किसी की नियुक्ति हो न हो, लेकिन सीनियर्स से चर्चा करनी चाहिए। बैठकों की मुझे कोई सूचना नहीं दी जाती। अखबारों से पता चलता है कि कांग्रेस की बैठक थी। कमलनाथ की बात पर दिग्विजय सिंह ने भी कहा कि मैं भी कमलनाथ जी की बात से सहमत हूं। बिना एजेंडे के बैठकें बुला ली जाती हैं। वॉट्सऐप पर भेजे एजेंडा पर उन्होंने कहा कि अध्यक्ष जी 6 बजकर 31 मिनट पर एजेंडा मिला है। अब मैं मोबाइल से मीटिंग में जुड़ा हूं तो एजेंडा कैसे देखूं। मीनाक्षी नटराजन ने भी कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की बात का समर्थन किया।

# स्कूली वाहन पलटा बच्चों समेत 13 घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के नेपानगर क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक स्कूली वाहन बेकाबू होकर पलट गया। करीब 9.30 बजे ग्राम हैदरपुर के पास हुए इस हादसे में 12 बच्चे और चालक घायल हो गया। चालक सहित 3 बच्चों को अधिक चोट आने उन्हें सीवल अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उनकी हालत में सुधार है। जानकारी के अनुसार, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल का क्रुजर वाहन (एमपी68झेडसी1031) स्कूली बच्चों को लेकर हैदरपुर गांव से डाभियाखेड़ा जा रहा था। इस दौरान हैदरपुर के पास अचानक स्टीयरिंग फेल होने से वाहन सड़क किनारे एक खेत की मेढ़ में जाकर पलट गया। हादसे में ड्राइवर सहित 13 लोग घायल हो गए।

# महाकुंभ में गैर सनातनियों का क्या काम? 'डरोगे तो मरोगे'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी।** कटनी विवादित बयानों और बेबाकी से बात रखने वाले बाबा बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री मध्यप्रदेश के कटनी जिले पहुंचे हैं। वे यहां विधायक संजय पाठक के रिसॉर्ट में होने वाले तीन दिवसीय समागम कार्यक्रम में शामिल होंगे। पं. धीरेंद्र शास्त्री देर रात साढ़े 10 बजे बिरहली पहुंचे, इस दौरान विधायक संजय पाठक ने अपनी पत्नी, बेटा, बेटी और माता निर्मला पाठक के साथ उनका विशेष रूप से स्वागत किया। घने वन के बीच आयोजित इस तीन दिवसीय समागम में करीब 150 परिवारों को धार्मिक और स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी जाएगी।

कटनी पहुंचने पर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने मीडिया से



बातचीत कर कई सवालों के जवाब दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि हिंदुओं को काफी पहले जाग जाना चाहिए था। उनके सोने के कारण रामचरित मानस को जलाया गया, मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनाई गईं, भगवान श्रीराम के होने के सबूत कोर्ट में मांगे गए। हिंदू सोया हुआ था, लेकिन देर आए दुरुस्त आए, अब उन्हें जगाना है। बाबा बागेश्वर लगातार हिंदुओं के 4 से 5 बच्चे होने की बात कहते हैं। इस पर उन्होंने कहा कि एक बच्चा हो, उसका कोई परिवार न हो, ऐसे में उस बच्चे के साथ कुछ होता है तो पूरा वंश खत्म हो जाएगा। अब चाचा, बुआ, मौसी जैसे रिश्ते नहीं हैं, इसलिए 4 बच्चे पैदा करने की बात कही थी। लेकिन, उनकी संख्या से ज्यादा गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। प्रयागराज महाकुंभ में मुस्लिमों पर बैन लगाने वाले बयान पर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हम किसी को मना नहीं करते, लेकिन कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे।

## संपादकीय

# कई पुरस्कार और सम्मानों से नवाजे गए नए इसरो चीफ

डॉ. वी. नारायणन ISRO के नए चीफ होंगे। 14 जनवरी को वह एस.सोमनाथ की जगह लेंगे। यह जानकारी मंगलवार को एक आधिकारिक अधिसूचना में दी गई। डॉ. नारायणन अभी लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर (LPSC) के निदेशक हैं। वे ISRO में एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक हैं। उन्होंने लगभग चार दशकों तक अंतरिक्ष संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। रॉकेट और अंतरिक्ष यान प्रणोदन उनका विशेषज्ञता का क्षेत्र है। डॉ. नारायणन ISRO में एक बड़ा नाम हैं। उन्होंने GSLV Mk III के C25 क्रायोजेनिक प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में काम किया है। उनकी अगुवाई में टीम ने C25 स्टेज को सफलतापूर्वक विकसित किया। यह GSLV Mk III का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। डॉ. नारायणन के नेतृत्व में LPSC ने विभिन्न ISRO मिशनों के लिए 183 लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम और कंट्रोल पावर प्लांट दिए हैं। उन्होंने PSLV के दूसरे और चौथे चरण के निर्माण पर भी काम किया है। PSLV C57 के लिए कंट्रोल पावर प्लांट भी उनके निर्देशन में बने। आदित्य अंतरिक्ष यान और GSLV Mk-III मिशन, चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 के प्रणोदन प्रणालियों में भी उनका योगदान रहा है। डॉ. नारायणन को कई पुरस्कार और सम्मान मिले हैं। उन्हें IIT खड़गपुर से रजत पदक मिला है। एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (ASI) ने उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया है। NDRF से उन्हें राष्ट्रीय डिजाइन पुरस्कार भी मिला है। डॉ. नारायणन के पास रॉकेट और अंतरिक्ष यान प्रणोदन का गहरा ज्ञान है। उन्होंने अपने करियर में कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का नेतृत्व किया है। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से ISRO को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है।

### अर्ज़ किया है..!

*आज रक्खे हैं क़दम उस ने मिरी चौखट पर*
*आज दहलीज़ मिरी छत के बराबर हुई है*

-सलीम सिद्दीक़ी

## OSHO कहिन

"जीवन कोई त्रासदी नहीं है, यह एक कॉमेडी है। जीवित रहने का मतलब है हंसते हुए जीना।"



### ज्ञान-विज्ञान

# खदानों के बीच मिला 'डायनासोर हाईवे'

## 160 करोड़ साल पहले जहां से गुजरता था काफिला



डायनासोर्स की दुनिया हमेशा से इंसानों के लिए रोमांचकारी रही है और उनके बारे में कुछ नया जानने की कोशिश दुनियाभर में होती आ रही है. इसी कड़ी में विशालकाय जीवों को लेकर ब्रिटेन से एक नई जानकारी सामने आई है. रिसर्चर्स ने ऑक्सफोर्डशायर की खदानों से सैकड़ों डायनासोर फुट प्रिंट खोज निकाले हैं जो करीब 166 करोड़ साल से जमीन के भीतर दबे हुए थे. वैज्ञानिकों का मानना है कि इनके जरिए डायनासोर्स के बारे में बहुत सारी नई जानकारी सामने आने की उम्मीद है.

### कैसे मिला 'डायनासोर हाईवे'

इंग्लैंड के क्वॉरी स्थित खदानों से ऑक्सफोर्ड और बर्मिंघल यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट्स ने डायनासोर्स के पैरों के निशान खोज निकाले हैं. टीम की ओर से 5 ऐसे रास्तों को खोजा गया है जिनसे कभी डायनासोर्स गुजरा करते थे और इसी रास्ते को अब 'डायनासोर हाईवे' कहा जा रहा है. इस रिसर्च में सामने आया कि चार ट्रैक ऐसे हैं जिनपर शाकाहारी सॉरोपॉड डायनासोर चला करते थे. साथ ही इस इलाके में सबसे लंबा ट्रैक करीब 150 मीटर का मिला है.

खदानों की मिट्टी के नीचे से पांचवां ट्रैक मासाहारी डायनासोर्स मेगालोसौरस का है जिसके फुट प्रिंट में तीन पंजे शामिल हैं. रिसर्चर्स का कहना है कि यह फुट प्रिंट करीब 166 करोड़ साल पुराने हैं. साथ ही मांसाहारी और शाकाहारी डायनासोर्स के ट्रैक एक-दूसरे को क्रॉस करते हुए दिखते हैं. इससे सवाल उठता है कि क्या वे एक-दूसरे से मिलते था या आपस में उनका बर्ताव कैसा रहा होगा. क्या वह एक-दूसरे पर हमले भी करते थे.

### कैसे हुई खोज की शुरुआत?

सबसे पहले खदान के इलाके में काम करने वाले लोगों को जमीन पर अलग तरह के उभार महसूस हुए और इसके बाद ही वैज्ञानिकों की टीम को यहां बुलाया गया. फिर दोनों ही यूनिवर्सिटी की 100 से ज्यादा सदस्यों वाली टीम ने एक हफ्ते तक इलाके में खुदाई की. इस तरह धीरे-धीरे डायनासोर्स के करीब 200 फुट प्रिंट खोज निकाले गए. यही नहीं, रिसर्च के मकसद से इन निशानों के दो हजारा से ज्यादा फोटो लिए गए हैं और वीडियोग्राफी भी की गई है. इसी इलाके में 1997 में करीब 40 फुट प्रिंट मिले थे और तब भी 180 मीटर लंबे ट्रैक खोजे गए थे. लेकिन तब तकनीक की कमी की वजह से उनपर गहनता से रिसर्च नहीं हो पाई थी.

### क्यों अहम है वैज्ञानिकों की खोज?

डायनासोर हाईवे और इन फुट प्रिंट के जरिए पृथ्वी पर रहने वाले इन विशालकाय जीवों को बारे में अहम जानकारी जुटाई जा सकती है. जानकारों का कहना है कि इसके जरिए पता चल सकता है कि डायनासोर कैसे चलते थे, वह कितनी स्पीड तक दौड़ सकते थे, उनका साइज कितना बड़ा था और उनके बीच आपसी मेल-मिलाप कैसा था. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक डंकन मरडॉक का कहना है कि यह रिसर्च काफी बारीक है और साफ दिख रहा है कि डायनासोर के पैरों के मिट्टी में धंसने और फिर निकलने से मिट्टी का नेचर कैसे बदला होगा.

New Delhi

# सड़क हादसों के पीड़ितों के लिए केंद्रीय मंत्री का एलान मिलेगा 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अब सड़क हादसों के पीड़ितों को केंद्र सरकार बड़ी राहत देने जा रही है। सड़क हादसों में घायल होने वालों को कैशलेस उपचार मिल सकेगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कैशलेस उपचार योजना का एलान किया। इसके तहत हादसों के पीड़ितों के सात दिन के इलाज का 1.5 लाख रुपये का खर्च सरकार वहन करेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर पुलिस को हादसे के 24 घंटे के अंदर सूचना दे दी जाती है तो सरकार इलाज का खर्च उठाएगी। इसके साथ ही उन्होंने हिट एंड रन के मामलों में भी पीड़ित परिवारों को दो लाख रुपये तक मुआवजा देने की घोषणा की।



मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत मंडपम में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों के साथ बैठक की थी। इसमें परिवहन संबंधी नीतियों और केंद्र व राज्य के बीच सहयोग को लेकर चर्चा की गई। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने कैशलेस उपचार की योजना शुरू की है। इसके तहत अगर दुर्घटना होने के 24 घंटे के अंदर पुलिस को सूचना दी जाती है तो हम भर्ती होने वाले मरीज के सात दिनों के इलाज का खर्च और इलाज के लिए अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक देंगे। इसके साथ ही हम हिट एंड रन मामलों में मृतकों को दो लाख रुपये देंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

Bihar

## 12 साल के भतीजे का रेता गला, तड़पा तो पैरों पर बैठ गई... देवर से अफेयर में चाची ने किया कांड

**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी)** बिहार के मुजफ्फरपुर से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. यहां रागिनी देवी नाम की एक महिला ने अपने जेठ के 12 साल के बेटे विक्रम की गला रेतकर हत्या कर दी. महिला ने ये सब इसलिए किया क्योंकि उसके जेठ को मालूम  हो गया था कि रागिनी का उसके छोटे और गैर शादीशुदा देवर के साथ अफेयर चल रहा है और जेठ ने इसका विरोध किया था. चार साल पहले दोनों की प्रेम प्रसंग की बात सामने आने पर विक्रम के पिता ने अपने छोटे भाई को डांट फटकार लगाकर दिल्ली भेज दिया था. उन्होंने उससे कहा था कि जबतक तुम्हारी शादी की बात तय न हो जाती है तब तक घर नहीं आना. इससे रागिनी को काफी दु:ख हुआ और वह विक्रम के पिता से बदल लेना चाहती थी. इस दौरान विक्रम के पिता से उसके पाटीदार विद्यापति का जमीनी विवाद काफी बढ़ गया. जमीनी विवाद में दोनों परिवार एक दूसरे की हत्या करने पर उतारु हो गया था. इसी का फायदा उठकर विक्रम की चाची रागनी देवी ने उसके पिता के दुश्मन से हाथ मिला लिया और कहा कि इसके बच्चे की हत्या कर दो. रागिनी देवी, विक्रम को पतंग खरीदने के बहने घर से एक किलोमीटर दूर विद्यापति के पुराने घर पर ले गई. घर से निकलने के दौरान रंगनी देवी ने सब्जी काटने वाला फासूल भी अपने साथ शौल में छुपकर ले गई थी. इसके बाद विद्यापति, उसकी मां और रागिनी देवी ने मिलकर हत्या की साजिश को अंजाम दिया. विद्यापति की मां पुनीता देवी ने फासूल से विक्रम का गला रेता, छटपटाने पर रागिनी देवी उसके पैर- हाथ पकड़ कर उस पर बैठ गई. औराई पुलिस ने जमीनी विवाद पता चलने पर विद्यापति और उसकी मां पुनीता को गिरफ्तार किया.

New Delhi

## रमेश बिधूड़ी से टिकट छीने जाने की चर्चा, बयानबाजी के बाद BJP में मंथन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कालकाजी सीट से उतारे गए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बड़े नेता और पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी टिकट मिलने के अगले दिन से ही सुर्खियों में हैं। पहले कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और फिर आतिशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने की वजह से भाजपा असहज है। चर्चा है कि पार्टी बिधूड़ी पर कोई बड़ा फैसला कर सकती है, जिसके लिए मंथन का दौर चल रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि बिधूड़ी की जगह भाजपा किसी महिला उम्मीदवार को उतार सकती है। इंडियन एक्सप्रेस ने पार्टी सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा है कि बिधूड़ी के बयानों के बाद संगठन की कम से कम दो बैठकें हो चुकी हैं जिनमें पूर्व सांसद को किसी और सीट पर भेजने या फिर टिकट रद्द करने की संभावनाओं पर चर्चा की गई है। दक्षिणी दिल्ली से दो बार के सांसद और तीन बार विधायक रह चुके बिधूड़ी गुर्जर समुदाय के बड़े नेता हैं। भाजपा के एक सूत्र के हवाले से बताया गया है कि सिर्फ आतिशी के खिलाफ ही नहीं, प्रियंका गांधी वाड्रा पर रमेश के बयान के कारण उन्हें नड्डाजी से फटकार खानी पड़ी है।

Maharashtra

## ऑफिस की पार्किंग में महिला BPO कर्मचारी पर अटैक, उधारी के विवाद में कलीग ने ले ली जान

**पुणे, (एजेंसी)** महाराष्ट्र में पुणे की एक बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) कंपनी में काम करने वाली 28 साल की महिला पर मंगलवार शाम उसके मेल कलीग ने धारदार हथियार से हमला कर दिया. इसके चलते उसकी मौत हो गई. पुलिस ने ये जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि हमला शहर के येरवडा इलाके में स्थित कंपनी डब्ल्यूएनएस के पार्किंग स्थल पर हुआ. पीड़िता की पहचान शुभदा कोदारे के रूप में हुई, जबकि आरोपी कृष्णा कनोजा था, जो फर्म के अकाउंट सेक्शन में काम करता था. पुलिस आयुक्त मनोज पाटिल ने बताया 'प्राथमिक जानकारी के अनुसार, संदिग्ध ने कंपनी की पार्किंग में शाम करीब 6 बजे कोदारे की दाहिनी कोहनी पर किसी धारदार हथियार से हमला किया. मालूम हुआ कि यह हमला पैसे उधार लेने के मुद्दे पर कुछ विवाद के चलते हुआ था. महिला का बहुत खून बह रहा था और उसे आनन फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया. हालांकि, इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. कनोजा को हिरासत में लिया गया और मृत महिला की बहन की शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

खेल

### 16 साल की अनहत ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

# ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वैश का खिताब जीता

**बर्मिंघम, (एजेंसी)** देश की उभरती स्क्वैश खिलाड़ी 16 वर्षीय अनहत सिंह ने अंडर-17 ब्रिटिश ओपन जूनियर स्क्वैश टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। शीर्ष वरीय अनहत ने फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीय मलिका अल कराक्सी को एक सेट से पिछड़ने के बाद 4-11, 11-9, 6-11, 11-5, 11-3 से हराया। अनहत इससे पहले यहां अंडर-11 और अंडर-15 वर्ग का खिताब जीत चुकी हैं। बीते वर्ष वह अंडर-17 वर्ग के फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन उन्हें यहां हार मिली थी। 2022 में अनहत राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाली देश की सबसे युवा खिलाड़ी बनी थीं। अनहत ने एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य जीता है। वर्तमान में उनकी विश्व रैंकिंग 82 है।



#### अनहत का परिवार

13 मार्च 2008 को दिल्ली में जन्मीं अनहत के पिता गुरशरण सिंह पेशे से वकील हैं। वहीं, मां तानी सिंह इंटीरियर डिजाइनर हैं। अनहत की बड़ी बहन अमीरा भी स्क्वैश प्लेयर हैं। वह अंडर-19 लेवल पर भारत की शीर्ष खिलाड़ियों में रह चुकी हैं। अमीरा स्नातक की डिग्री हासिल करने के बाद फिलहाल हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रही हैं। वह अभी हार्वर्ड महिला टीम के लिए स्क्वैश खेलती हैं।

#### अनहत को बैडमिंटन पसंद

अनहत को स्क्वैश से पहले बैडमिंटन पसंद था। वह पीवी सिंधु को खेलता देख बड़ी हुई हैं। छह साल की उम्र में अनहत ने दिल्ली में पीवी सिंधु को खेलते देखा। तब सिंधु इंडिया ओपन में हिस्सा ले रही थीं। इसके बाद अनहत ने भी बैडमिंटन में भविष्य बनाने का सोचा। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में कुछ युवा स्तर के टूर्नामेंट भी जीते। हालांकि, अपनी दीदी अमीरा के नक्शेकदम में चलते हुए उन्होंने आठ साल की उम्र से नियमित रूप से स्क्वैश खेलना शुरू कर दिया। तब से लेकर अब तक अनहत स्क्वैश खेल रही हैं।

सिनेमा

## दुबई में साउथ एक्टर की कार का खतरनाक एक्सीडेंट, उड़े परखच्चे



साउथ सिनेमा के एक्शन हीरो अजित कुमार असल जिंदगी में रेसिंग के शौकीन हैं. इन दिनों अजित दुबई में हैं. वो दुबई में होने वाली 24 घंटे की रेस में भाग लेने पहुंचे थे. इस रेस का नाम 24H दुबई 2025 है. मंगलवार को रेस की प्रैक्टिस के दौरान अजित कुमार की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई. कार का कंट्रोल खो गया था, जिसके चलते वो बैरियर में जा भिड़ी और उसके परखच्चे उड़ गए. हालांकि इस हादसे में अजित बाल-बाल बच गए. एक्टर को किसी तरह की चोट नहीं आई. सोशल मीडिया पर अजित की कार का वीडियो वायरल हो गया है. इसमें कार की टक्कर होते देखी जा सकती है, जिसके बाद वो गोल-गोल घूमती है और उसके आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ जाते हैं. इसके बाद ट्रैक पर मौजूद स्टाफ को अजित की मदद करते और उन्हें गाड़ी में निकालते देखा जाता है.  अजित कुमार 24H दुबई 2025 कार रेसिंग में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार थे. हादसे के बाद अजित की टीम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया, 'हां, वो बाल-बाल बच गए. प्रैक्टिस रन के दौरान उनकी रेस कार की टक्कर दोपहर तकरीबन 12.45 पर बैरियर से हुई थी. वहां मौजूद सिक्योरिटी टीम ने तुरंत उनकी मदद की. अजित दूसरी कार में शिफ्ट हो गए थे, क्योंकि ये टूट गई थी. उन्होंने आगे अपनी प्रैक्टिस जारी रखी. शुक्र है कि उन्हें कोई चोट नहीं लगी.'

## Highlights

1. Dr V Narayanan appointed new ISRO chief
2. Great day for family: Pranab Mukherjee's son as memorial announced
3. BJP to target 50% vote share in Delhi polls: Baijayant Panda
4. Marathi to be compulsory from next academic yr: Education Minister
5. Counting number of HMPV cases 'meaningless': WHO's ex-Chief Scientist
6. Slap on Congress' face: BJP on Ex-Prez Pranab Mukherjee's memorial

# India's economy projected to grow 6.4% in FY25, the slowest in four years

**NEW DElHI, (Agency).** The Indian economy is projected to grow at its slowest pace in four years in the 2024-25 financial year on the back of weaker consumption and muted exports, with pressure building on the Reserve Bank of India (RBI) to cut interest rates.

Real or inflation-adjusted gross domestic product (GDP) rose 6.4% in the 2025 fiscal, according to the first advance estimates released by the ministry of statistics on Tuesday, compared to a provisional estimate of 8.2% growth in the previous year.

The RBI had lowered its growth projection for the current financial year to 6.6% from 7.2%.

The slower expansion of Asia's third largest economy comes in the wake of higher interest rates amid elevated inflation, especially of food commodities.

The central bank has kept the repo rate steady for nearly 18 months after raising it by 250 basis points to 6.5% between May 2022 and February 2023. A basis point is one-hundredth of a percentage point.




GDP, the most widely used measure of national income, is the sum of all goods and services produced in the economy. The central bank will have to look to moderate sustained higher interest rates, which tend to hurt growth, analysts said.

"Real GDP has been estimated to grow by 6.4 per cent in FY 2024-25 as compared to the growth rate of 8.2 per cent in Provisional Estimate (PE) of GDP for FY 2023-24. Nominal GDP has witnessed a growth rate of 9.7 per cent in FY 2024-25 over the growth rate of 9.6 per cent in FY 2023-24," the Ministry of Statistics & Programme Implementation said in an official release.

The Centre said an expansion in agricultural and industrial activity and an uptick in rural demand in the second half of FY25 will push growth towards the 6.4-6.8% range.

The agriculture sector, which contributes nearly 18% to GDP, showed a robust performance, growing 3.8% in FY25 from a mere 1.4% in the previous year. A base effect is partly responsible for the higher farm growth.

# Maharashtra govt makes FASTag mandatory at all toll plazas from April 1

**Mumbai, (Agency).** The Maharashtra cabinet on Tuesday decided to make toll collection through FASTag mandatory from April 1 and announced revisions in the Rules of Business to streamline administrative processes.

The cabinet chaired by Chief Minister Devendra Fadnavis approved the public works department's proposal that toll collection at toll plazas across the state will be done exclusively through FASTag from April 1.

It also approved amendments to the Public-Private Partnership Policy 2014 to facilitate this change.

FASTag is India's electronic toll collection chip for national highways.

The move is expected to bring efficiency and transparency to toll collection and reduce vehicle congestion at toll plazas. It will save time and fuel for commuters, a government statement said.

# सत करतार शॉपिंग लिमिटेड का आईपीओ 10 को खुलेगा

**मुंबई**। सत करतार शॉपिंग लिमिटेड, जो आयुर्वेदिक उत्पादों में विशेषज्ञ है और पुरुषों और महिलाओं की विविध स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करते हुए प्राकृतिक कल्याण को बढ़ावा देता है, 10 जनवरी 2025 को अपना प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (IPO) खोलने का प्रस्ताव करता है। कंपनी का उद्देश्य 33.80 करोड़ जुटाना है, और इसके शेयर NSE Emerge प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इश्यू साइज 41,72,800 इक्विटी शेयर है, जिनका फेस वैल्यू 10 प्रति शेयर है, और इश्यू प्राइस बैंड 77 से 81 प्रति शेयर के बीच है। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग एक अज्ञात अधिग्रहण (भारत या विदेश में), विपणन और विज्ञापन खर्चों, पूंजीगत व्यय, प्रौद्योगिकी में निवेश पर खर्च, और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जाएगा। एंकर बिडिंग 9 जनवरी 2025 को खुलेगी, इश्यू खुलने की तिथि 10 जनवरी 2025 होगी और इश्यू 14 जनवरी 2025 को बंद होगा। इस इश्यू का बुक रनिंग लीड मैनेजर नारनोलीया फाइनेंशियल सर्विसेज़ लिमिटेड है और इश्यू का रजिस्ट्रार स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक